SOUTHWESTERN Public Health
Oxford • Elgin • St.Thomas

**St. Thomas Site**
1230 Talbot Street
St. Thomas N5P 1G9
519-631-9900

**Woodstock Site**
410 Buller Street
Woodstock N4S 4N2
519-421-9901

**1-800-922-0096 | www.swpublichealth.ca**



# ऑपरेटरों के लिए मार्गदर्शन: बॉडी पियर्सिंग (शरीर के किसी अंग को छेदना)

## स्वास्थ्य संबंधी चिंता

बॉडी पियर्सिंग के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरण/औज़ार रक्त या

बॉडी फ्लुइड्स (शरीर के द्रव्य तत्वों) से दूषित हो सकते हैं, जो रक्त-जनित बीमारियों जैसे Hepatitis B, Hepatitis C और HIV संक्रमित हो सकते हैं। **आपको संक्रमण के संचारण के लिए** औज़ारों **पर रक्त या बॉडी फ्लुइड्स को देखने की ज़रूरत नहीं है।**

## वैधानिक आवश्यकताएँ

व्यक्तिगत सेवा सेटिंग्स (Personal Service Settings) (PSS) को *ओंटारियो विनियमन 136/18: व्यक्तिगत सेवा सेटिंग (Ontario Regulation 136/18: Personal Service Settings) के अनुपालन में परिचालन करना आवश्यक है।*

PSS के ऑपरेटरों और कर्मचारियों को संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण अभ्यासों के बारे में अधिक जानने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य ओंटारियो से *व्यक्तिगत सेवा सेटिंग्स में संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए गाइड* की

समीक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जो PSS में संक्रमण के संचारण के जोखिम को कम करते हैं।

## सूचित सहमति

सेवा प्रदान करने से पहले, ऑपरेटरों को ग्राहकों को प्रक्रिया की व्याख्या और प्रक्रिया से जुड़े किसी भी जोखिम के बार में जानकारी प्रदान करनी होगी। सेवा प्रदाता को दस्तावेज के रूप में इसका एक रिकॉर्ड रखना होगा कि जानकारी प्रदान की गई थी।

## ऑपरेटर स्वास्थ्य और सुरक्षा

- सेवा के दौरान दस्ताने पहनें।
- दस्ताने पहनने से पहले और उतारने के बाद हाथ धोएँ।

- अच्छी व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाएँ।
- सेवा के दौरान खाना, पीना या धूम्रपान न करें।
- एसडब्ल्यूपीएच (SWPH) अनुशंसा करता है कि सभी ऑपरेटरों को Hepatitis B का टीका लगाया जाए।

## त्वचा को लेकर तैयारी

- जिन ग्राहकों को छेदने वाले स्थान के 6 इंच के भीतर चोट, घाव, चकत्ते या दृश्यमान त्वचा संक्रमण हो, उन्हें सेवा प्रदान न करें।
- यदि बालों को हटाने की आवश्यकता है, तो सिंगल-यूज़ (केवल एक बार उपयोज्य) डिस्पोज़ेबल (उपयोग के बाद फेंकने के लिए) रेज़र का उपयोग करें।
- यदि त्वचा पर सिंगल-यूज़ मार्कर या टूथपिक से निशान लगाया जा रहा है, तो त्वचा पर निशान लगाएं और जब निशान सूख जाए, तो त्वचा पर एंटीसेप्टिक लगाएं।
- प्रक्रिया आरंभ करने से पहले, त्वचा पर एंटीसेप्टिक लगाएं। यदि छेदने के क्षेत्र में गंदगी दिखे तो पहले उसे साफ करने के लिए साबुन और पानी का उपयोग करें। त्वचा एंटीसेप्टिक्स में निम्नलिखित शामिल हैं, परन्तु केवल इन्हीं तक सीमित नहीं:
    - पोवीडोन-आयोडीन सॉल्यूशन (घोल)
    - आइसोप्रोपाइल एल्कोहल (50 – 91%)
    - इथाइल एल्कोहल (60 – 95%)
- यदि लागू हो, तो त्वचा पर एंटीसेप्टिक लगाने के बाद एक प्रासंगिक स्थानीय एनेस्थेटिक का उपयोग किया जा सकता है।

## उपचार के बाद त्वचा की देखभाल

- :छिदे हुए क्षेत्र को किसी स्वीकृत त्वचा एंटीसेप्टिक से पोंछें।
- यदि किसी मरहम या ल्युब्रिकेंट (चिकने पदार्थ) का उपयोग किया जाये, तो इसे तरह से लगाना चाहिए कि संदूषण को रोका जा सके, यानी लगाने के यन्त्र को मरहम या ल्युब्रिकेंट (चिकने पदार्थ) के साथ एक ही उपयोग के दौरान (साफ किए बिना) दो बार ना डुबोएँ।
- ग्राहकों को छेदने के बाद देखभाल संबंधी निर्देश मौखिक और लिखित रूप में दिए जाने चाहिए जिनमें निम्नलिखित शामिल होने चाहिए:
    - छेदने के क्षेत्र को छूने से ठीक पहले हाथ साफ करें
    - संशोधित क्षेत्र को, जहां लागू हो, घावों को ढकने के उद्देश्य से सिंगल-यूज़ ड्रेसिंग से ढकें
    - क्षेत्र का अपेक्षित उपचार समय
    - संभावित जटिलताओं और उनके संकेतों और लक्षणों का विवरण
    - हल्का लाल होने, दर्द या सूजन से निपटने के बारे में सलाह
    - यदि प्रक्रिया के बाद संक्रमण के कोई लक्षण विकसित हों, तो 24 घंटे के भीतर स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से परामर्श करने की सलाह दें

## औज़ार और उपकरण

### सतहें

- सभी सतहें और उपकरण जिन्हें सेवा के दौरान इस्तेमाल किया जाये, और सेवा के बाद ठीक से कीटाणुरहित या स्टेरिलाइज़ (विसंक्रमित) नहीं किया जा सकता है (जैसे: मैग्निफाइंग लैंप) को सिंगल यूज़ प्लास्टिक कवरिंग (यानी प्लास्टिक आस्तीन या प्लास्टिक आवरण) से ढकना चाहिए।

### ज्वेलरी

- ज्वेलरी सिंगल यूज़, पहले से पैक की हुई और विसंक्रमित होनी चाहिए। पियर्सिंग औजार और पियर्सिंग क्षेत्र के सीधे संपर्क से बचने के लिए नो-टच तकनीक (स्पर्श न करने की विधि) का उपयोग करें।
- ज्वेलरी का उपयोग एक्सपाइरी डेट (समाप्ति तिथि) से पहले किया जाना चाहिए। यदि उनकी एक्सपाइरी डेट (समाप्ति तिथि) गुज़र चुकी हो, तो आपको उन्हें बाहर फेंक देना चाहिए।
- ज्वेलरी के पहल से खोले गए पैकेज या फटी हुई पैकेज विसंक्रमित नहीं माने जाते; इसलिए उनका उपयोग नहीं किया जा सकता।

### उपकरण

- सभी रीयूज़ेबल (पुनः उपयोज्य) उपकरणों को उपयोग से पहले साफ और कीटाणुरहित या स्टेरिलाइज़्ड (विसंक्रमित) किया जाना चाहिए।
- सभी स्टेरिलाइज़्ड (विसंक्रमित) उपकरणों को उनके विसंक्रमित पैकेज में तब तक रहना चाहिए जब तक वे उपयोग के लिए तैयार न हो जाएं।
- इयर पियर्सिंग गन्स/उपकरणों का उपयोग कान के लोब (केवल मांसल भाग) को छोड़कर शरीर के किसी अन्य भाग पर नहीं किया जाना चाहिए।

## सफाई, कीटाणुशोधन और विसंक्रमण

### सफाई

- सभी औज़ार, उपकरण और सतहें जिन्हें सफाई, कीटाणुशोधन और विसंक्रमण की आवश्यकता होती है, उन्हें **ज़रूरी रूप से** पहले पूरी तरह से अलगा दिया जाना चाहिए। फिर वस्तुओं को साबुन या डिटर्जेंट के साथ गर्म पानी में साफ करना चाहिए।
- उपयोग के बाद लिनेन को अवश्य धोना चाहिए। इसकी पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध होनी चाहिए।
- दीवारों, फर्शों, भीतरी छतों और सतहों की नियमित सफाई की जानी चाहिए।

## कीटाणुशोधन और विसंक्रमण

कीटाणुशोधन से जुड़े सारे काम प्रतिदिन नए सिरे से या निर्माता के निर्देशों के अनुसार किए जाने चाहिए। सभी कीटाणुशोधकों का हेल्थ कनाडा द्वारा जारी एक दवा पहचान संख्या (drug identification number (DIN)) या एक प्राकृतिक उत्पाद संख्या (natural product number (NPN)) होना चाहिए।

| स्तर | कब इस्तेमाल करें | उदाहरण |
|---|---|---|
| कम स्तर का कीटाणुशोधन | उपकरण और औज़ार या आइटम जो सीधे ग्राहक से संपर्क नहीं करते हैं या केवल बालों या इंटैक्ट त्वचा से संपर्क करते हैं। | • सर्विस ट्रे<br>• पर्यावरणीय सतहें<br>• उपकरण कंटेनर |
| मध्यम स्तर का कीटाणुशोधन | उपकरण, औज़ार या आइटम्स जिनका उद्देश्य केवल इंटैक्ट त्वचा से संपर्क करना है, लेकिन जो गलती से गैर-इंटैक्ट त्वचा या म्यूकस मेंबरेंस (श्लेष्म झिल्ली) के संपर्क में आ सकते हैं या त्वचा में प्रवेश कर सकते हैं। | • कैलिपर्स |
| उच्च स्तर का कीटाणुशोधन | कोई भी सतह, उपकरण या यन्त्र जो रक्त के संपर्क में आ सकते हैं। | • नीडल पुशर्स (सूई धकेलने वाले)<br>• कैनुला (प्रवेशनी) को काटने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कैंची |
| विसंक्रमण | उपकरण और औज़ार या वे चीज़ें जो त्वचा में प्रवेश करतीं हैं या विसंक्रमित ऊतक में प्रवेश करतीं हैं।<br><br>इसके अलावा, कुछ अन्य उपकरण भी दूषित होने पर संचारण का उच्च जोखिम रखते हैं। | • फोर्सेप और क्लैंप<br>• टेपर्स<br>• रिंग-खोलने और रिंग-बन्द करने वाले प्लायर्स |

स्वीकृत कीटाणुशोधकों और संपर्क समय की जानकारी के लिए **कीटाणुशोधन चार्ट** देखें।

**ऑपरेटरों के लिए स्टेरलाइज़ेशन** फैक्ट शीट देखें।

### वेस्ट डिस्पोज़ल (अपशिष्ट निपटान)

- जिस वेस्ट पर रक्त और/या बॉडी फ्लुइड लगा हो उसे लीक-प्रूफ बैग में फेंकें।

- उपयोग के बाद सिंगल-यूज़ उपकरणों और औजारों को बाहर फेंक दें।
- सिंगल-यूज़ शार्प (नोकों, सुइयों आदि) को एक स्वीकृत शार्प कंटेनर में फेंक दिया जाना चाहिए जो कैनडा स्टैंडर्ड्स एसोसिएशन के मानकों को पूरा करता हो।
- जब सामग्री शार्प कंटेनर पर भरने की रेखा के निशान तक पहुंच जाए या तीन-चौथाई भर जाए तो शार्प कंटेनरों को सील कर दिया और बदल दिया जाना चाहिए।

## रिकॉर्ड रखना

### ग्राहकों के रिकॉर्ड

- सेवा प्रदान करने से पहले, PSS को निम्नलिखित जानकारी प्राप्त करनी होगी और रिकॉर्ड में रखनी होगी:
    - ग्राहक का नाम और संपर्क जानकारी
    - सेवा प्रदाता का नाम
    - रिकॉर्ड करें कि ग्राहक को कौन सी सेवा प्राप्त हुई
    - रिकॉर्ड करें कि ग्राहक को प्रक्रिया और जोखिमों का स्पष्टीकरण प्रदान किया गया था
    - प्रक्रिया की तिथियाँ
    - प्री-पैकेज्ड विसंक्रमित उपकरण के लॉट नंबर और एक्सपाइरी डेट (समाप्ति तिथि)

### उच्च स्तर के कीटाणुशोधक

- यदि उच्च स्तर कीटाणुशोधकों का उपयोग किया जाता है, तो PSS को **कीटाणुशोधन रिकॉर्ड लॉग** में उल्लिखित जानकारी दर्ज करने की आवश्यकता होती है।

### आकस्मिक रक्त या बॉडी फ्लुइड संपर्क

- PSS के लिए सभी आकस्मिक रक्त या बॉडी फ्लुइड से संपर्क को रिकॉर्ड करना आवश्यक है। रिकॉर्ड में **आकस्मिक ब्लड एक्सपोज़र लॉग** में उल्लिखित जानकारी शामिल होनी चाहिए।

### रिकॉर्ड रखवाली

- रिकॉर्ड को एक साल तक ऑन-साइट रखा जाना चाहिए। पहले साल के बाद, रिकॉर्ड को कम से कम दो सालों तक सुरक्षित जगह पर संभाल कर रखा जाना चाहिए और आसानी से उपलब्ध रखा जाना चाहिए।

## सवाल?

यदि आपके कोई सवाल हैं, तो कृपया अपने क्षेत्र के Public Health Inspector (सार्वजनिक स्वास्थ्य निरीक्षक) से 1-800-922-0096 पर संपर्क करें।